निवेशकों को 296 एकड़ भूमि आवंटित

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न निवेशकों को लैंड अलॉटमेंट के जरिए 3 हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश आकर्षित किया और करीब 10 हजार रोजगार के अवसर सृजित किए हैं। सुपर मेगा, मेगा और लार्ज कैटेगरीज के तहत कुल 296 एकड़ भूमि आवंटित की गई है, जो प्रदेश की औद्योगिक प्रगति और रोजगार सृजन के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है।

इनवेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश ने बताया कि सुपर मेगा कैटेगरी में यूपीसीडा ने फर्रुखाबाद में वुडपेकर ग्रीन एग्री न्यूट्रिएंट्स प्रा. लि. को 40 एकड़ भूमि आवंटित की है। इस प्रोजेक्ट में 600 करोड़ रुपये का निवेश हो रहा है, जिससे एग्रो फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना हुई और 1200 लोगों को रोजगार मिला।

- योजनाओं से युवाओं को रोजगारः अभिषेक प्रकाश
- यूपीसीडा के प्रयास से 3000 करोड़ का निवेश

पिछड़े जिलों में भी अवसर

यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप निवेश सिर्फ अगड़े ही नहीं, बल्कि पिछड़े क्षेत्रों में भी आ रहा है। फर्रुखाबाद इसका उदाहरण है, जहां सुपर मेगा कैटेगरी में 1100 करोड़ रुपये का निवेश आया है। इस निवेश के माध्यम से स्थानीय लोगों को अपने घर के समीप रोजगार के अवसर मिल हैं।